क्विज में जीते पुरस्कार

■ **एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़ :** अग्रवाल कॉलेज में बुधवार को मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। आयोजन प्रिंसिपल डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष डॉ. शिल्पा गोयल और

इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष ऊषा चौधरी ने किया। जन्नत खत्री ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। डॉ. शिल्पा गोयल ने सभी को संदेश दिया कि ऐसे समाज का निर्माण करें, जिसमें नैतिक मूल्यों का स्थायित्व रहे। कार्यक्रम में क्विज भी हुआ, जिसके विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। मंच संचालन सोनिया ने किया। इस अवसर पर दीपमाला, सोनिया, भूमि गुप्ता, प्रसून राघव आदि उपस्थित रहे।